प्रेस नोट संख्या- 41

दिनांक 21.09.2024

सराहनीय कार्य जनपद अमेठी पुलिस

थाना कमरौली पुलिस द्वारा 03 अभियुक्त गिरफ्तार एवं चोरी का 01 अदद प्रिंटर बरामद।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 21.09.2024 को उ0नि0 रवीन्द्र प्रताप सिंह थाना कमरौली मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 108/24 धारा 305, 317(2), 317(4) बीएनएस से संबंधित 03 अभियुक्तों 1.कयूम उर्फ मुन्ना खान पुत्र इद्दू खाँ निवासी हमीरपुर रोड बंथरा बाजार थाना बंथरा जनपद लखनऊ उम्र 21 वर्ष 2.करन थारू पुत्र संतराम निवासी अम्बरपुर थाना बंथरा जनपद लखनऊ उम्र 25 वर्ष, 3.वासू साहू पुत्र संतोष साहू निवासी हमीरपुर रोड बंथरा बाजार थाना बंथरा जनपद लखनऊ उम्र 24 वर्ष को गढ़ा मोड़ के पास से समय करीब 09:00 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम तीनों लोगों ने मिलकर अपने तीन अन्य साथियों 1.दाऊद शेख पुत्र रियाज शेख निवासी नियर सीईपीईएल कॉलेज नादरगंज थाना सरोजनीनगर जनपद लखनऊ, 2.अवनीश कुमार पुत्र दिलीप कुमार निवासी बदालीखेड़ा कुमार ट्रेडर्स की दुकान के पास थाना सरोजनीनगर जनपद लखनऊ, 3.सर्वेश उर्फ अंकुश गौतम पुत्र गंगा प्रसाद निवासी रोड बंथरा बाजार थाना बंथरा जनपद लखनऊ के साथ मिलकर दिनांक 19.07.2024 को वासू साहू उपरोक्त की गाड़ी सियाज वाहन सं0 यूपी 32 एचएम 2873 से रोड नं0 01 पर सोनी ज्वैलर्स की दुकान का शटर तोड़ कर कुछ ज्वैलरी व रुपए चुराये थे तथा आर0के0 स्टूडियो/वीडियोग्राफी की दुकान का शटर तोड़ कर 01 प्रिंटर मशीन, लेमिनेशन मशीन, कार्ड बनाने वाली मशीन चोरी किये थे। चोरी के सामान के संबंध में पूछने पर बताया कि प्रिंटर मशीन मालविका कंपनी के पास झाड़ियों में छिपा कर रखे हैं अन्य सामान दाऊद ले गया था जो बेच कर हम तीनों लोगों को 10-10 हजार रुपये दिया था। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर मालविका कंपनी के पास झाड़ियों से 01 अदद प्रिंटर बरामद किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-

1. कयूम उर्फ मुन्ना खान पुत्र इद्दू खाँ निवासी हमीरपुर रोड बंथरा बाजार थाना बंथरा जनपद लखनऊ उम्र 21 वर्ष।
2. करन थारू पुत्र संतराम निवासी अम्बरपुर थाना बंथरा जनपद लखनऊ उम्र 25 वर्ष।
3. वासू साहू पुत्र संतोष साहू निवासी हमीरपुर रोड बंथरा बाजार थाना बंथरा जनपद लखनऊ उम्र 24 वर्ष।

बरामदगी-

- चोरी का 01 अदद प्रिंटर।

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-

- मु0अ0सं0 108/24 धारा 305, 317(2), 317(4) बीएनएस थाना कमरौली जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 रवीन्द्र प्रताप सिंह थाना कमरौली जनपद अमेठी।
2. का0 भानू प्रताप सिंह थाना कमरौली जनपद अमेठी।
3. का0 दीपक शुक्ला थाना कमरौली जनपद अमेठी।